an>

Title : Need to shift headquarters of National Mineral Development Corporation (NMDC) Limited from Hyderabad to Bastar in Chhattisgarh -laid.

श्री दीपक बैज: देश के सर्वाधिक खनिज संपदा वाले छत्तीसगढ़ के (दंतेवाड़ा) बस्तर जिले से करोड़ों-अरबों रुपये का आयरन उत्खनन होता है । भारत सरकार का उपक्रम नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनएमडीसी) लिमिटेड देश में सबसे अधिक लाभ यहीं से अर्जित करता है । छत्तीसगढ़ सरकार इस उपक्रम के लिए जमीन और वे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराती है जिसकी उसे अवश्यकता रहती है ।

आवागमन कनेक्टिविटी को ध्यान में रखकर आजादी के बाद इस उपक्रम का मुख्यालय हैदराबाद बनाया गया था पर अब बस्तर में कनेक्टिविटी के लिहाज से सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं । इस उपक्रम का मुख्यालय बस्तर स्थानांतरित करने हेतु स्थानीय निवासियों की लंबे समय से मांग चली आ रही है क्योंकि उनके दैनिक कार्यों हेतु उन्हें दूरस्थ हैदराबाद जाना पड़ता है ।

मेरी मांग है कि एनएमडीसी लिमिटेड का हैदराबाद स्थित मुख्यालय (दंतेवाड़ा) बस्तर जिले में जनहित में स्थानांतरित किया जाए जिससे स्थानीय लोगों को अपने कार्यों के लिए हैदराबाद न जाना पड़े ।